# समाहरणालय, पटना।
(ज़िला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग)

E-mail – adsspatna@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in


## –:सूचना:–

राज्य आयुक्त निःशक्तता, बिहार, पटना के पत्रांक 896, दिनांक 18.06.2020 के द्वारा 140वीं हेलेन केलर जयन्ती (27 जून, 2020) के अवसर पर राज्य निवासी दिव्यांगजनों एवं उससे जुड़े व्यक्तियों व संस्थाओं व सरकारी अधिकारीगण व अन्य के साथ विविध ऑनलाईन मीडिया साधन यथा– वीडियों कॉन्फ्रेंसिग, यूटयूब, फेसबुक, ट्विटर, वॉटसअप आदि के माध्यमों से वर्चुअल ई–जन–जागरूकता–सह–ई–संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों के संरक्षण, उनके कल्याणार्थ संचालित योजनाओं, अपने समस्याओं/शिकायतों को ऑनलाईन लोक अदालत के माध्यम से समाधान एवं आगामी बिहार विधान सभा चुनाव–2020 में मतदान का अधिकार के संबंध में जागरूक किये जाने का निदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त के आलोक में दिनांक 27.06.2020 को 140वीं हेलेन केलर जयन्ती के अवसर पर दिव्यांगजनों के साथ ई–संवाद के माध्यम से हेलेन केलर जयन्ती के थीम "शत–प्रतिशत दिव्यांगजन करें अपने मताधिकार का प्रयोग (सरल, सुगम, समावेशी एवं वाधारहित मतदान) एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–2016 में प्रदत् अधिकार (सुरक्षा संरक्षण, पूण भागीदारी हिस्सेदारी, प्रोडक्टीव सिटीजन मिले बिहार के हर दिव्यांगजनों के द्वार द्वार" के संवाद में निम्न तरह का Action Plan तैयार किया गया है।)

जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पटना अपने स्तर से 140वीं हेलेन केलर जयन्ती के अवसर पर दिनांक 27.06.2020 को विभिन्न पंचायत स्तर पर आयोजित उक्त कार्यक्रम सम्बन्धित जागरूकता अभियान चलायेंगे।

ज़िला शिक्षा पदाधिकारी, पटना/जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (ICDS), पटना अपने स्तर से उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जागरूकता अभियान चलायेंगे।

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, पटना अपने स्तर से 140वीं हेलेन केलर जयन्ती के अवसर पर दिनांक 27.06.2020 को आयोजित उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार इलेक्ट्रौनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से करायेंगे।

सिविल सर्जन, पटना एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, पटना अपने स्तर से विभिन्न संसाधनों के माध्यम से दिव्यांगजनों को जागरूक करने हेतु अभियान चलाऐंगे।

सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पटना जिला निम्न संसाधनों यथा पंचायत स्तर पर गठित दिव्यांगजना समूह, कार्यपालक सहायक, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, विकास मित्र, ग्रामीण आवास सहायक के माध्यम से प्रखण्ड स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक जागरूकता अभियान चलायेंगे।

जिला प्रबंधक, सक्षम (बुनियाद केन्द्र, पटना) अपने स्तर से सभी तकनीकी कर्मी को अपने आवंटित प्रखण्ड में दिव्यांगजनो को ई–संवाद द्वारा हेलेन केलर जयन्ती के थीम के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

सर्वांगिण विकास समिति, बोरिंग कैनाल रोड, पटना/नव जागृति, पटना/यमना (YMNA), पटना सहित सभी स्वयंसेवी संस्था/रेड क्रॉस सोसायटी, पटना अपने स्तर से दिव्यांगजनो को जागरूक करेंगे।

सभी संबंधित पदाधिकारी से अनुरोध है कि राज्य आयुक्त निःशक्तता, बिहार, पटना द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में तैयार किये गये Action Plan के अनुसार उक्त कार्यक्रम को सफल बनाना सुनिश्चित करेंगे एवं इस संबंध में की गई कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे।

राज्य स्तरीय आयोजन का संचालन राज्य आयुक्त, निःशक्त्ता, बिहार, पटना के कार्यालय के स्तर से ऑनलाईन मीडिया के विविध साधनों के प्रयोग द्वारा किया जा रहा है। ई–समारोह (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे) से जुड़ने हेतु निम्न आई0डी0/पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है :–

| | |
|---|---|
| User ID | 85259012072 |
| Password | 831383 |

साथ ही लाईव कार्यक्रम (अप0 04.00 बजे से अप0 06.00 बजे) से जुड़ने हेतु Link-https://www.facebook.com/scdisabilities/ है। इस सम्बन्ध में आवश्यकतानुसार राज्य आयुक्त, निःशक्तता, बिहार, पटना के मोबाईल नं0–9431015499 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अनु0–यथोक्त विभागीय पत्र।

ह0

सहायक निदेशक
ज़िला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग,
पटना।

ज्ञापांक– 103 /दि0स0को0, पटना दिनाक 26/06/2020

प्रतिलिपिः– सर्वागिण विकास समिति, बोरिंग कैनाल रोड, पटना/नव जागृति, पटना/यमना, पटना सहित सभी स्वयंसेवी संस्था/रेड क्रॉस सोसायटी, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पटना जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (ICDS), पटना/जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– ज़िला पंचायती राज पदाधिकारी, पटना/सिविल सर्जन, पटना/ज़िला शिक्षा पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– उप निर्वाचन पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– उप विकास आयुक्त, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– ज़िला पदाधिकारी, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– राज्य आयुक्त निःशक्तता, बिहार, पटना को उनके पत्रांक 896/आ0नि0को, दिनांक 18.06.2020 के संदर्भ में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

26/6/2020

सहायक निदेशक
ज़िला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग,
पटना।